संख्या-119/2026/I/1474963/2026/71-1002/5/2022

प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 26 सितम्बर, 2026**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2026-27 में डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज परिसर में श्रेणी-4 एवं 5 के नवीन आवासों के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एम0ई0/निर्माण/2026-27/187, दिनांक 27.07.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज परिसर में श्रेणी-4 एवं 5 के नवीन आवासों के निर्माण कार्य हेतु परियोजना की मूल्यांकित टेण्डर कास्ट रू0 2938.32 लाख की पुनरीक्षित स्वीकृति प्रदान करते हुए रू0 650.00 लाख की धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में अवगत कराना है कि डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज परिसर में श्रेणी-4 एवं 5 के नवीन आवासों के निर्माण कार्य के संबंध में प्रशासकीय स्वीकृति व अवमुक्त धनराशि का विवरण निम्नवत है :-

क्र0	परियोजना का नाम	कार्यदायी संस्था का नाम	शासनादेश का विवरण	स्वीकृत लागत (लाख में)	संशोधित पुनरीक्षित लागत (टेण्डर कास्ट के अनुसार) (लाख में)	अवमुक्त धनराशि (लाख में)	
						अनुदान सं0-31	अनुदान सं0-83
1	2	3	4	5	6	7	8
1	डा0 भीमराव रामजी	उ0प्र0 राजकीय	सं0-142/2024/I/798770/	2961.48	-------	500.00	100.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज परिसर में श्रेणी-4 एवं 5 के नवीन आवासों के निर्माण	निर्माण निगम लि0	2024/71-1002/5/2022, दिनांक 18.11.2024				
			सं0-153/2025/I/1127864/2025/71-1002/5/2022, दिनांक 31.10.2025			500.00	100.00
			सं0-115/2026/I/1469380/2026/71-1002/5/2022, दिनांक 18.09.2026	------	2938.32		
योग						1000.00	200.00
महायोग-						1200.00	

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डॉ0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज परिसर में श्रेणी-4 एवं 5 के नवीन आवासों के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत पुनरीक्षित लागत रू0 2938.32 लाख (टेण्डर कास्ट के अनुसार) के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज हेतु मानक मद 24-वृहत निर्माण कार्य मद में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत रू0 500.00 लाख एवं अनुदान संख्या-83 के अंतर्गत रू0 150.00 लाख अर्थात् कुल रू0 650.00 लाख को प्रश्नगत कार्य हेतु अनुवर्ती किश्त के रूप में **रू0 650.00 लाख (रू0 छः करोड़ पचास लाख मात्र)** की धनराशि अवमुक्त किये जाने की राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. प्रधानाचार्य, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज/कार्यदायी संस्था द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 28.03.2026 में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
2. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यों/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
3. कार्य की गुणवत्ता, मानक एंव विशिष्टियों से प्रधानाचार्य स्वयं संतुष्ट हो लेंगे।
4. अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को डाकघर एवं बैंक खाते में नही रखा जायेगा।
5. परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत विषयक शासनादेश संख्या-142/2024/I/798770/2024/71-1002/5/2022, दिनांक 18.11.2024 सपठित शासनादेश

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-115/2026/I/1469380/2026/71-1002/5/2022, दिनांक 18.09.2026 में अंकित शर्ते यथावत रहेंगी।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 5,00,00,000 (रुपये पाँच करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 031 लेखा शीर्षक 4210031055600 राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, कन्नौज मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 1,50,00,000 (रुपये एक करोड़ पचास लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 4210037890400 राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, कन्नौज मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28 मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्त प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, निदेशालय, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ०प्र० लखनऊ।
4. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।
5. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज।
7. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० राजकीय निर्माण निगम, लि० लखनऊ।
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
9. नोडल अधिकारी, बजट अलाटमेंट सिस्टम, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in